कार्यालय जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती
कार्यालय आदेश

संख्या 258/2024 दिनांकः- 24.12.2024

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों के उपयोगार्थ **वर्ष, 2025** का **अवकाश कैलेण्डर** निर्गत किया गया है, जिसमें यह निर्देशित किया गया है कि जनपद न्यायाधीश जिला मजिस्ट्रेट से परामर्श करके **पांच दिन** का स्थानीय अवकाश घोषित करेंगे तथा साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि **राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार अथवा रविवार** को पड़ रहे हैं, तो जनपद न्यायाधीश अन्य दिवस को उक्त के **स्थान पर अवकाश घोषित** कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में **जिला मजिस्ट्रेट**, श्रावस्ती से परामर्श के उपरान्त **अधोहस्ताक्षरी** द्वारा निम्न तिथियों में **स्थानीय अवकाश** एवं **द्वितीय शनिवार अथवा रविवार** को पड़ने वाले अवकाश के स्थान पर **निम्न अवकाश** घोषित किया जाता है। श्रावस्ती जजशिप में सभी न्यायालय, कार्यालय, अनुभाग तथा ग्राम न्यायालय, इकौना **घोषित अवकाश के अनुसार बन्द रहेंगे।**

आदेश की प्रति **समस्त न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के मध्य परिचालित हो तथा एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो।**

स्थानीय अवकाश की सूची

क्रमांक	अवकाश की तिथि	उपलक्ष्य	अवकाश का दिवस
01	14.01.2025	मकर संक्रान्ति	मंगलवार
02	06.09.2025	बारावफात	शनिवार
03	01.10.2025	महानवमी	बुधवार
04	23.10.2025	भैय्या दूज	वृहस्पतिवार
05	05.11.2025	कार्तिक पूर्णिमा	बुधवार

उपरोक्त के अतिरिक्त **द्वितीय शनिवार / रविवार** को पड़ने वाले अवकाश के स्थान पर घोषित अवकाश की सूची:-

क्रमांक	तिथि व दिवस	उपलक्ष्य	घोषित अवकाश व दिवस	उपलक्ष्य
01	26.01.2025, रविवार	गणतन्त्र दिवस	15.03.2025, शनिवार	होली
02	06.04.2025, रविवार	रामनवमी	22.10.2025, बुधवार	दीपावली
03	06.07.2025*,रविवार	मोहर्रम	07.07.2025*, सोमवार	मोहर्रम

तारांकित तिथि स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित की जा सकती है।

sd/-
(राम मिलन सिंह)
जनपद न्यायाधीश
श्रावस्ती
दिनांक 24.12.2024